# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर जिला–ऊधम सिंह नगर

**Tel. 05944-242400 e-mail- nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com**


## "सार्वजनिक सूचना"

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रूद्रपुर में विद्युत तथा स्वास्थ्य अनुभाग से सम्बन्धित निष्प्रोज्य सामग्री/उपकरण/रद्दी इत्यादि (निष्प्रोज्य वाहनों को छोड़कर) की ,जैसी और जिस अवस्था में है, की नीलामी हेतु खुली बोली दिनांक 18-08-2022 को अपरान्ह 03:00 बजे नगर निगम रूद्रपुर सभागार में की जानी है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/ठेकेदार आदि निर्धारित तिथि एवं समय पर नगर निगम रूद्रपुर के सभागार में उपस्थित होकर निष्प्रोज्य सामग्री की नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं। खुली बोली हेतु नियम व शर्तें, सामग्री का विवरण एवं अन्य जानकारी दिनांक 04-08-2022 ...... से दिनांक 17-08-2022 की सांय 05:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस पर नगर निगम, रूद्रपुर में उपस्थित होकर अथवा हेल्पलाइन नं0 9389811822 पर सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigamrudrapur.com से भी प्राप्त की जा सकती है। नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर को किसी भी समय नीलामी प्रक्रिया बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा।

| | |
|---|---|
| (विशाल मिश्रा) | (रामपाल सिंह) |
| नगर आयुक्त | महापौर |
| नगर निगम रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) | नगर निगम रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) |


# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर जिला–ऊधम सिंह नगर

**Tel. 05944-242400 e-mail- nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com**


पत्रांक – 1408 /स्वा0अनु0/2022–23 दिनांक 03/08/2022

प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

1. कार्यालय, जिलाधिकारी, उधमसिंहनगर।
2. कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी, उधमसिंहनगर।
3. कार्यालय, वरिष्ठ कोषाधिकारी, उधमसिंहनगर।
4. कार्यालय, उप जिलाधिकारी, रूद्रपुर, उधमसिंहनगर।
5. कार्यालय, नगर निगम रूद्रपुर, उधमसिंहनगर।
6. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र **हिन्दुस्तान** को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त ई–निविदा सूचना 6X8 सेमी साईज में अपनी व्यवसायिक दरों में 30 प्रतिशत से अधिक की छूट देते हुए अपने समाचार पत्र के आगामी अंक में प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल समाचार की दो प्रतियों सहित इस कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. श्री तपन कुमार राय, डा0ए0ऑपरेटर, नगर निगम रूद्रपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना नगर निगम रूद्रपुर की वेबसाईट www.nagarnigamrudrapur.com पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(राजदेव जायसी)
सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर

कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)
Tel 05944-242400 E-mail-nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com

## नगर निगम रूद्रपुर में रखी हई निष्प्रोज्य सामग्री/उपकरण की खुली बोली हेतु नीलामी की शर्तें

1. संलग्न सूची के क्रम में नगर निगम रूद्रपुर में उपलब्ध निष्प्रोज्य सामग्री (निष्प्रोज्य वाहनों को छोड़कर) जैसी और जिस अवस्था में है, की खुली बोली दिनांक 18.08.2022 को अपरान्ह 03:00 बजे नगर निगम रूद्रपुर सभागार में की जायेगी।
2. नीलामी में प्रतिभाग करने से पूर्व दिनांक 17.08.2022 को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रवेश शुल्क (Non refundable) रू0 500+90 (GST) = रू0 590.00 नगद जमा करवाना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त नीलामी मे प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर के नाम बन्धक रू0 25,000.00 का डिमाण्ड ड्राफ्ट धरोहर धनराशि (Pleged) के रूप में दिनांक 17.08.2022 को ही प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक नगर निगम, रूद्रपुर में जमा करवानी होगी, जो नियमानुसार नीलामी की प्रक्रिया सम्पन्न होने के 01 सप्ताह के पश्चात् लौटा दी जायेगी।
3. नीलामी मूल्य रू0 5,66,872.00 से प्रारम्भ की जायेगी तथा किसी भी दशा में उक्त धनराशि से कम धनराशि की बोली स्वीकार्य नहीं होगी।
4. सफल बोलीदाता को उच्चतम बोली की धनराशि मय 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित कुल धनराशि का 25 प्रतिशत उसी दिन सांय 05:00 बजे तक नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। उच्चतम बोलीदाता को शेष धनराशि 03 कार्य दिवस के भीतर नगर निगम में जमा करानी होगी। नीलामी की अवशेष धनराशि नियत समय पर जमा न होने की स्थिति में सफल क्रेता की 25 प्रतिशत धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा उसकी बोली निरस्त समझी जायेगी। इसके उपरान्त द्वितीय उच्च बोलीकर्ता द्वारा लगायी गयी बोली की धनराशि में प्रथम बोलीकर्ता की 25 प्रतिशत जब्त धनराशि को सम्मिलित करते हुए कुल धनराशि यदि प्रथम बोलीकर्ता के द्वारा लगायी गयी बोली के बराबर या उससे अधिक होती है, तो द्वितीय उच्च बालीकर्ता को नीलामी आवंटित कर दी जायेगी, अन्यथा की स्थिति में पुनः नीलामी की कार्यवाही की जायेगी।
5. सफल बोलीदाता द्वारा नियमानुसार सम्पूर्ण धनराशि जमा करा दिए जाने के पश्चात् उसे अगले 03 कार्यदिवस के भीतर नीलाम की गई सम्पूर्ण निष्प्रोज्य अपने स्वंय के व्यय पर अपने गण्तव्य स्थान पर ले जानी होगी। आवश्यकतानुसार सफल बोलीदाता के लिखित अनुरोध पर उक्त अवधि में वृद्धि करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर को होगा।
6. नीलामी सामग्री नगर निगम में जैसी है, जिस अवस्था में है, उसी अवस्था में दी जायेगी। इच्छुक बोलीदाता किसी भी कार्यदिवस पर नगर निगम रूद्रपुर कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त सामग्री के सम्बन्ध में विवरण प्राप्त कर सकता है।
7. नीलामी किए जाने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में नीलामी अगले कार्य दिवस में नियत समय पर ही आयोजित की जायेगी।
8. नीलामी की प्रक्रिया को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर को होगा।